हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 14 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 26.8 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

11 रोहतक 11 वर्ष बाद बना ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों ...



12 ...मेरा नंबर कब आएगा? सड़कें चमकी, लेकिन माल ..



**क्रूरता की हद पार:** गांव पोलंगी में डबल मर्डर के बाद दहशत, गांव में सन्नाटा

# गुस्से में दो भाइयों को ईंटों से कुचला

**पुलिस कई पहलुओं से कर रही जांच**

**बंद मकान के अंदर मिले दोनों के क्षत-विक्षत शव, चेहरों को बुरी तरह से काटा गया था**

**सगे भाइयों की उम्र 50 वर्ष के करीब पुलिस ने मकान को सील किया**

**यह भी चर्चा... युवती को ले जाने के मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आईएमटी थाना क्षेत्र के गांव पोलंगी में शुक्रवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के बाहर बने एक बंद मकान में दो सगे भाइयों के शव क्षत-विक्षत हालत में मिले। मृतकों की पहचान कर्मबीर उर्फ बुल्ला पुत्र जयनारायण और उसके भाई कुलदीप के रूप में हुई है। दोनों की उम्र 50 वर्ष से अधिक बताई जा रही है। सूचना मिलते ही आईएमटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मकान को घेराबंदी कर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों भाइयों की हत्या लाठी-डंडों और ईंटों से वार कर की गई है। शवों के चेहरे बुरी तरह काटे गए थे, जिससे वारदात की क्रूरता साफ झलक रही थी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मकान को सील कर दिया गया है। मौके पर एफएसएल टीम इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया को भी बुलाया गया, जिसने खून के नमूने, हथियारनुमा वस्तुएं और अन्य साक्ष्य जुटाए।



रोहतक। घटना स्थल पर पहुंचे एसपी सुरेंद्र भौरिया एवं मृतक कर्मबीर व कुलदीप ।

### प्रेम प्रसंग या रंजिश दोनों एंगल से जांच कर रही पुलिस

पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि इस दोहरे हत्याकांड के पीछे प्रेम-प्रसंग का मामला हो सकता है। मृतकों के बड़े भाई नन्हा पर गांव की ही एक युवती को भगा ले जाने का आरोप है। बताया जा रहा है कि गुरुवार शाम से नन्हा और संबंधित युवती दोनों लापता हैं। सूत्रों के अनुसार, युवती पक्ष के लोग गुरुवार शाम को कर्मबीर और कुलदीप के घर पहुंचे थे। वहां युवती को ले जाने के मामले में कहासुनी हुई और दोनों पक्षों के बीच झगड़ा भी हुआ। आरोप है कि उस दौरान धमकी भी दी गई थी। हालांकि उस समय मामला शांत हो गया था, लेकिन अगले ही दिन दो भाइयों की हत्या ने पूरे गांव को दहला दिया। पुलिस फिलहाल इसी एंगल को मुख्य आधार मानकर जांच आगे बढ़ा रही है।

### वारदात का तरीका बना जांच का अहम बिंदु

जिस मकान में शव मिले हैं, वह गांव से कुछ दूरी पर स्थित है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि दोनों भाई वहां कब पहुंचे और उनके साथ कौन-कौन लोग मौजूद थे। आशंका जताई जा रही है कि हमलावरों ने पहले लाठी-डंडों और ईंटों से बेरहमी से पिटाई की, फिर चेहरे पर धारदार वस्तु से वार किए।

### जयनारायण के तीन बेटों की पहले हो चुकी मौत

पुलिस की जानकारी के अनुसार, जयनारायण के छह बेटे थे। इनमें से तीन की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। शुक्रवार को कर्मबीर और कुलदीप की हत्या हो गई, जबकि एक अन्य भाई गांव से बाहर रहता है। उसे सूचना दे दी गई है, लेकिन खबर लिखे जाने तक वह मौके पर नहीं पहुंचा था। अब परिवार में बचे सदस्यों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### एफएसएल विशेषज्ञ ने जुटाए साक्ष्य

पुलिस ने तीन टीमों का गठन किया है। पहली टीम आईएमटी थाना की, दूसरी सीआईए-2 की और तीसरी एफएसएल विशेषज्ञों की है। तीनों टीमें अलग-अलग पहलुओं पर जांच कर रही हैं। पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की जा रही है।
*-बिजेंद्र कुमार, थाना प्रभारी, आईएमटी*

### संदिग्ध लोगों को राउंडअप किया

डबल मर्डर मामले में साक्ष्य जुटाए हैं। प्रेम-प्रसंग का एंगल सामने आया है और उसी दिशा में जांच आगे बढ़ रही है। कुछ संदिग्ध लोगों को राउंडअप किया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।
*-सुरेंद्र भौरिया, एसपी रोहतक*

# भावड़ से भात भरकर लौट रहे परिवार की खुशियां मातम में बदली

***स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई हादसे में 5 की मौत***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सोनीपत जिले में शुक्रवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पांच घरों के चिराग बुझा दिए। गोहाना के गांव भावड़ से भात भरकर रोहतक लौट रहे सात दोस्तों की स्कॉर्पियो घड़वाल-भावड़ रोड पर तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में पांच युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, एक गंभीर रूप से घायल हैं, जबकि एक युवक सुरक्षित बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार काली स्कॉर्पियो की रफ्तार 100 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक थी। अचानक संतुलन बिगड़ने पर गाड़ी सीधे सड़क किनारे पेड़ से टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और अंदर बैठे युवक बुरी तरह फंस गए। स्थानीय लोगों ने शीशे तोड़कर और दरवाजे खोलकर घायलों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची।



### शादी से लौटते वक्त हादसा

सभी युवक रोहतक जिले के गांव घुसकानी और खिड़वाली के रहने वाले थे। वे अपने दोस्त संदीप की बहन के घर भात भरने गोहाना के गांव भावड़ गए थे। संदीप दिल्ली पुलिस में कार्यरत है और सभी युवक उसके जिगरी दोस्त बताए जा रहे हैं। हादसे में जिन पांच युवकों की जान गई, उनकी पहचान गोलू (निवासी घुसकानी), साहिल, अंकुश, दीपक और सागर (चारों निवासी खिड़वाली) के रूप में हुई है। उम्र 25 से 28 वर्ष के बीच थी। गाड़ी दीपक चला रहा था। गोलू शादीशुदा था, जबकि अन्य चार युवक अविवाहित थे।

### एक युवक की हालत गंभीर

हादसे में अंकित गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को खानपुर मेडिकल (पीजीआई) में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है मोहित नामक युवक को मामूली चोटें आईं हैं।

### शादी की खुशियों पर ग्रहण

भावड़ में जौहरी नंबरदार के बेटे सुरेंद्र की दो बेटियों की शादी का कार्यक्रम चल रहा था। हादसे से खुशियां मातम में बदल गई। एक बेटी की बारात आ चुकी थी और विदाई भी हो गई थी। दूसरी बेटी की बारात शाम को आनी थी।

# आज आएंगे सीजेआई और सीएम, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

***सीजेआई सूर्यकांत एमडीयू में नवनिर्मित प्रवेश द्वार का उद्घाटन करेंगे एवं एलुमिनी मीट में शिरकत करेंगे***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई ) बनने के बाद जस्टिस सूर्यकांत तीसरी बार अपने गृह राज्य हरियाणा आ रहे हैं। 14 फरवरी को रोहतक बार एसोसिएशन की ओर से उनका अभिनंदन समारोह होगा। जस्टिस सूर्यकांत ने रोहतक की महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी से ही एलएलबी की थी। कार्यक्रम में सीएम नायब सिंह सैनी, पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के कई जज भी शामिल होंगे। वीआईपी मूमेंट को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इस महत्वपूर्ण दौरे को लेकर जिला प्रशासन और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सीजेआई विश्वविद्यालय के झज्जर रोड स्थित नवनिर्मित प्रवेश द्वार (एंट्री गेट) का आधिकारिक उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन के बाद वे विश्वविद्यालय के रविंद्र नाथ टैगोर ऑडिटोरियम में आयोजित 'एलुमिनी मीट' में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। यहां वे विश्वविद्यालय के पूर्व और वर्तमान विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे।



रोहतक। मदवि परिसर का निरीक्षण करते डीसी सचिन गुप्ता, निगम आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा, एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया व कुलपति प्रो.राजबीर सिंह।

# ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

***14 फरवरी को वीवीआईपी कार्यक्रम के चलते अदालत क्षेत्र में रहेगा रूट डायवर्जन और नाकाबंदी***

**रोहतक।** पुलिस द्वारा आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शनिवार के लिए विशेष ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 14 फरवरी को मुख्य न्यायाधीश, उच्चतम न्यायालय, भारत सूर्य कांत और सीएम नायब सिंह सैनी के रोहतक आगमन के अवसर पर वीवीआईपी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मद्देनजर सुबह 9 बजे से कार्यक्रम के समापन तक अदालत परिसर के आसपास के क्षेत्रों में विशेष नाकाबंदी एवं रूट डायवर्जन लागू रहेगा।

### इन स्थानों पर नाकाबंदी

- कोर्ट परिसर क्षेत्र
- सुभाष चौक
- एसबीआई बैंक के सामने
- कोर्ट चौक
- सोनीपत स्टैंड
- कैनाल रेस्ट हाउस
- आंबेडकर चौक

### सुबह 9 बजे से रूट डायवर्जन रहेगा

शनिवार को सुबह 9 बजे से लेकर वीवीआईपी कार्यक्रम के समापन तक यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए विभिन्न मार्गों पर डायवर्जन लागू किया जाएगा। प्रमुख मार्गों पर पुलिस की तैनाती रहेगी।

*गाड़ियों की पार्किंग व्यवस्था जिला पुलिस लाइन मैदान और राजकीय महिला महाविद्यालय में किया गया है।*



नया शोरूम :- मानसरोवर पार्क के पास, दिल्ली रोड, रोहतक टेली. : 1800 891 1250

## पीएम स्वनिधि योजना में बढ़ी ऋण राशि, बैंकों को लंबित आवेदन जल्द निपटाने के निर्देश...

# रेहड़ी और फड़ी वालों को सशक्त बनाने पर फोकस

- नगर निगम रोहतक की ओर से बैठक आयोजित
- सभी लंबित आवेदनों की नियमित समीक्षा की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


रोहतक। बैठक लेते नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा। फोटो : हरिभूमि

शहरी पथ विक्रेताओं (रेहड़ी-फड़ी वालों) को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से नगर निगम रोहतक की ओर से एक अहम बैठक आयोजित की गई। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, डीसीओ और एलडीएम शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार की शहरी गरीबी उन्मूलन योजना पीएम स्वनिधि योजना को प्रभावी ढंग से लागू करना रहा।

नगर निगम आयुक्त ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम स्वनिधि योजना को 17 सितंबर 2025 से पुन प्रारंभ किया गया है। इसके तहत शहरी पथ विक्रेताओं को दिए जाने वाले ऋण की राशि में बढ़ोतरी की गई है। अब प्रथम ऋण 10 हजार रुपये की जगह 15 हजार रुपये, द्वितीय ऋण 20 हजार रुपये के स्थान पर 25 हजार रुपये और तृतीय ऋण 50 हजार रुपये तक की राशि मात्र 9 प्रतिशत ब्याज दर पर रियायत सहित उपलब्ध कराई जाएगी।

### 8 योजनाओं से जोड़ा जाएगा

इसके साथ ही डिजिटल ऑनबोर्डिंग और 'पीएम स्वनिधि से समृद्धि' योजना के तहत पथ विक्रेताओं को सरकार की आठ प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना और जननी सुरक्षा योजना से जोड़ा जाएगा। इससे न केवल लाभार्थी, बल्कि उनके परिवार के पात्र सदस्य भी इन योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे।

### यह बोले निगम आयुक्त

नगर निगम आयुक्त ने कहा कि नगर निगम रोहतक शहरी पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए पीएम स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन पर लगातार नजर रखे हुए है। लंबित आवेदनों की नियमित समीक्षा की जाएगी और बैंकों से आगामी शुक्रवार को फिर से रिपोर्ट तलब की जाएगी, ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना के लाभ से वंचित न रहना पड़े।

---

## मदन लाल धींगड़ा कम्युनिटी सेंटर में भव्य कार्यक्रम

# संगिनी एग्जीबिशन्स के 'हुनर का मंच' में बच्चों ने दिखाया शानदार टैलेंट

- संस्था की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




मदन लाल धींगड़ा कम्युनिटी सेंटर में संगिनी एग्जीबिशन्स द्वारा "हुनर का मंच" का भव्य आयोजन किया गया। संस्था की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के लोग, अभिभावक और बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हुए। मीडिया प्रभारी राजीव जैन के अनुसार कार्यक्रम का संचालन संस्था की प्रधान रूपाली मित्तल और नेहा जिंदल के नेतृत्व में सफलतापूर्वक किया गया। आयोजन को विनायिका भाटिया ने प्रायोजित किया, जबकि जयश्री सकुनिया ने सह-प्रायोजन दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ममता बिजारणिया, विशिष्ट अतिथि कंचन खुराना, अंजू सैनी तथा कंटेंट क्रिएटर नेहा शर्मा की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन से हुआ।

### 100 बच्चों ने लिया भाग

"हुनर का मंच" में लगभग 100 बच्चों ने ड्राइंग, डांस, फैंसी ड्रेस, फायरलेस कुकिंग व सिंगिंग सहित 10 अलग-अलग थीम पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों को 3–5, 6–8, 9–12 और 13–15 वर्ष की चार आयु वर्गों में बांटा गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में विपुल शर्मा, राहुल पॉपर और भानुप्रिया ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विभिन्न ड्रा व मनोरंजक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। अंत में संस्था की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजकों और सहयोगियों के संयुक्त प्रयास से यह कार्यक्रम सफल और यादगार साबित हुआ, जिसने बच्चों को प्रतिभा दिखाने का प्रेरणादायी मंच प्रदान किया।

---

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था ने महम में धूमधाम से मनाया महाशिवरात्रि उत्सव



**महम।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की महम शाखा द्वारा महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया गया। पुरानी अनाज मंडी में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान चित्रकुट से पहुंचे आचार्य स्वामी परमानंद ने उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक प्रेरणादायक वक्तव्य दिया। स्थानीय सेंटर संचालिका बीके चेतना और सहसंचालिका बीके सुमन ने कहा कि महाशिवरात्रि ऐसा पर्व है जो हमें जागृति के लिए प्रेरित करता है। रोहतक के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल ने समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। समारोह में नोएडा से बीके कीर्ति और रोहतक से बीके रक्षा, महम के एसडीएम विपिन कुमार और महम चीनी मिल के एमडी मुकुंद, डॉ. के के लांबा, विधायक बलराम दांगी की पत्नी अन्नु दांगी, समाजसेवी विजय मित्तल, नपा महम के वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर, डॉक्टर ओपी चिटकारा व सुरेंद्र कुमार चिटकारा समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

---

## वैश्य कॉलेज ऑफ शॉर्ट टर्म कोर्सेज व्यावसायिक अवसरों के बारे में बताया



**रोहतक।** वैश्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मैनेजमेंट के मार्गदर्शन में शॉर्ट टर्म कोर्सेज हेतु ओरिएंटेशन प्रोग्राम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया । कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं ने विभिन्न कोर्सेज जैसे पर्सनैलिटी डेवलपमेंट और प्रोफेशनल ग्रूमिंग, फूड एंड न्यूट्रिशंस, योगा एंड मेडिटेशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. निधि कक्कड़ ने फूड एंड न्यूट्रिशंस के बारे में, मीनू गुप्ता ने पर्सनैलिटी डेवलपमेंट और डॉक्टर मंजीत ने योगा एंड मेडिटेशन के बारे में विद्यार्थियों को इन पाठ्यक्रमों से मिलने वाले व्यावसायिक अवसरों एवं कौशल विकास के लाभों से अवगत कराया। प्राचार्या डॉक्टर तरुणा मल्होत्रा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को इन पाठ्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया तथा संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओ की जानकारी दी । इस अवसर पर डॉ. मधु साहनी, डॉक्टर ज्योति आहूजा , प्रीती दहिया , डॉक्टर निधि कक्कड़, डॉक्टर कमलेश ,डॉक्टर पूजा और सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।

---

## कुलपति प्रो. बीएम यादव ने बधाई दी

# बीएमयू की छात्रा वंदिता नेट जेआरएफ के अंग्रेजी विषय में ऑल इंडिया प्रथम

निरंतर अध्ययन, स्पष्ट लक्ष्य और शिक्षकों के विश्वास से सफलता मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय की अंग्रेजी विभाग की छात्रा वंदिता मोर ने यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा में अंग्रेजी विषय में ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। यह जानकारी अंग्रेजी विभाग के प्रो. बरुण कुमार झा ने दी। प्रो. झा ने बताया कि वंदिता शुरू से ही मेधावी और अनुशासित छात्रा रही हैं। 4 फरवरी को जारी हुए परिणामों में पर्सेंटाइल के साथ यह सफलता हासिल की है। वंदिता मोर ने अपनी सफलता का श्रेय विभागाध्यक्ष एवं कुलपति प्रो. बीएम यादव, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को दिया है। वंदिता ने कहा कि निरंतर अध्ययन, स्पष्ट लक्ष्य और शिक्षकों के विश्वास ने उन्हें यह मुकाम दिलाया। कुलपति प्रो. बीएम यादव ने वंदिता को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल अंग्रेजी विभाग बल्कि पूरे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि वंदिता की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है और यह साबित करती है कि समर्पण और मेहनत से राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया जा सकता है।

---




## महर्षि दयानंद के वैदिक चिंतन, सामाजिक सुधार व शिक्षा संबंधी विचारों पर प्रकाश डाला

**रोहतक।** महर्षि दयानंद जयंती के अवसर पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में वैदिक जीवन दृष्टि और उसकी समकालीन प्रासंगिकता विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी शुक्रवार को सम्पन्न हो गई। इस संगोष्ठी के संयोजक प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में देशभर से आए विद्वानों ने महर्षि दयानंद के वैदिक चिंतन, सामाजिक सुधार और शिक्षा संबंधी विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सत्य, नैतिकता और मानव कल्याण जैसे वैदिक मूल्य आज भी प्रासंगिक हैं। द्वितीय सत्र में प्रो. विजयलक्ष्मी (सनातन धर्म महाविद्यालय, मुजफ्फरनगर), प्रो. राजेश पूनिया (राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर), डॉ. सुषमा अंलकार (डी.ए.वी. कॉलेज, चंडीगढ़), डॉ. उपेन्द्र जोशी (पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला) तथा डॉ. सुमन राठी (हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़) सहित अन्य विद्वानों ने शोधपत्र प्रस्तुत किए। तृतीय सत्र में प्रो. कौशल पंवार (इग्नू, नई दिल्ली), डॉ. जितेन्द्र कुमार (राजकीय महाविद्यालय, चरखी दादरी), डॉ. देवव्रत (गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार), डॉ. प्रियंका आर्या (जम्मू विश्वविद्यालय) और डॉ. रोकेश कुमार (सीडीएलयू, सिरसा) ने अपने विचार रखे।

---

## सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ

# भारत को दोबारा विश्व गुरु बनाने का मार्ग शिक्षा से होकर जाता है : अतुल कोठारी

- एमएमटीटीसी के निदेशक प्रोफेसर मुनीष गर्ग ने स्वागत भाषण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


रोहतक। कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी।

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) में शिक्षा को भारतीय मूल्यों से जोड़ने की दिशा में एक सार्थक पहल के तहत यूजीसी-मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर द्वारा शुक्रवार को वर्तमान शिक्षा परिदृश्य में भारतीय ज्ञान प्रणाली का एकीकरण विषय पर सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का शुभारंभ किया गया। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि भारत को दोबारा विश्व गुरु बनाने का मार्ग शिक्षा से होकर जाता है और इस शिक्षा की नींव भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित होनी चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मूल स्वरूप भारतीयता से जुड़ा है, अतः इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शिक्षकों को नीति का गंभीर अध्ययन करना आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल शैक्षणिक विषय नहीं, बल्कि एक समग्र जीवन शैली है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा आज भी पूर्णतः प्रासंगिक है।

---

## रविवार को महाशिवरात्रि पर्व

# चेतना, ध्यान, साधना व जागरूकता की रात है महाशिवरात्रि: बीके सुमन

राज कुमार नरवाल ▶▶| महम

15 फरवरी को महाशिवरात्रि है। यह पर्व फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन शिवलिंग पर जल, दूध और पेल पत्र चढ़ाने की परंपरा है। ऊं नमः शिवाय मंत्र का जाप भी किया जाता है। यह शिव और पार्वती के दिव्य विवाह की रात है। जो प्रेम व समर्पण का प्रतीक है। यौगिक परंपरा में यह वह रात है, जब शिव ध्यान में पूरी तरह स्थिर होकर आदि गुरु (पहले गुरु) बने थे। शिव पुराण के अनुसार इसी दिन शिव निराकार रूप से अग्नि स्तंभ या ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रकट हुए थे।


बीके सुमन। सहसंचालिका ओम शांति सेंटर महम।

इस रात को ग्रहों की स्थिति ऐसी होती है कि कि मानव शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ जाता है, जिससे यह रात ध्यान और साधना के लिए सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। इस रात्रि में भक्त रातभर जागकर मंत्रों का जाप करते हैं। आध्यात्मिक रूप से यूं कहें कि यह आत्म शुद्धि और शांति की एक पवित्र रात होती है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की महम शाखा की सहसंचालिका बीके सुमन ने महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक महत्त्व बताया है।

### यह पर्व बुराइयों का व्रत करने को करता प्रेरित

बीके सुमन ने बताया कि पहले के जमाने में चोरियां रात को होती थी। अब सभी गलत काम दिन में होने लगे हैं। इन कर्मों को देखें तो अब दिन में भी रात्रि ही हो गई है। महाशिवरात्रि पर हम व्रत रखते हैं। यह हमें बुराइयों का व्रत करने को प्रेरित करता है। यदि व्रत करना है तो द्वेष, नफरत, आलस्य और क्रोध का व्रत करना है। शिवलिंग पर जल चढ़ाने से परमात्मा खुश नहीं होते। दूध चढाना मतलब मन को दूध की तरह पवित्र बनाना, बेर चढ़ाना मतलब वैर को खत्म करना व धतुरा चढ़ाना मतलब जहर यानि बुराई चढ़ाना अथवा बुराइयां समाप्त करना।

### मानसिक शांति, तनाव मुक्ति को ध्यान जरूरी

बीके सुमन ने बताया कि महाशिवरात्रि आध्यात्मिक पथ पर चलने वाले साधकों के लिए बहुत महत्व रखती है। इस रात्रि में साधक ध्यान लगाते हैं। मानसिक शांति, तनाव मुक्ति और एकाग्रता के लिए ध्यान बहुत ही जरूरी है। ध्यान से आप अपने विचारों और भावनाओं को बेहतर समझ पाते हैं। जिससे निर्णय लेने की क्षमता तेज होती है। ध्यान से भावनाओं को नियंत्रित करने, क्रोध को कम करने और मन में सकारत्मकता लाने में मदद मिलती है। ध्यान रक्तचाप को कम करने, नींद की गुणवत्ता में सुधार करने और इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है। इससे मानसिक ऊर्जा का पुर्नउत्थान होता है, जिससे कार्यकुशलता बढ़ती है।

### स्वयं को भीतर से जानने का अवसर है महाशिवरात्रि

महाशिवरात्रि एक अवसर और संभावना है, जब आप स्वयं को, हर मनुष्य के भीतर बसी असीम रिक्तता के अनुभव से जोड़ सकते हैं, जो कि सारे सृजन का स्त्रोत है। एक ओर शिव संहारक कहलाते हैं और दूसरी ओर वे सबसे अधिक करुणामयी भी हैं। वे बहुत ही उदार दाता हैं। यौगिक गाथाओं में वे, अनेक स्थानों पर महाकरुणामयी के रूप में सामने आते हैं। उनकी करुणा के रूप विलक्षण और अद्भुत रहे हैं। इस प्रकार महाशिवरात्रि कुछ ग्रहण करने के लिए भी एक विशेष रात्रि है।

---

## सात दिवसीय शोध कार्यशाला सम्पन्न

# शोध से विवि की अकादमिक पहचान सुदृढ़

- कार्यशाला में विभिन्न संकायों के 49 शोधार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


रोहतक। आयोजित कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान देकर सम्मानित करते डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन अध्ययन संस्थान के तत्वावधान में सामाजिक विज्ञान, विधि संकाय, शिक्षा संकाय एवं सेंटर फॉर यौगिक स्ट्डीज द्वारा आयोजित एक सप्ताह की रिसर्च मेथडोलॉजी कार्यशाला शुक्रवार को सम्पन्न हो गई। इस कार्यशाला में विभिन्न संकायों के 49 शोधार्थियों ने भाग लिया।

समापन सत्र में डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस.सी. मलिक ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने शोधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण एवं नैतिक शोध ही विश्वविद्यालय की अकादमिक पहचान को सुदृढ़ करता है। उन्होंने प्रतिभागियों से शोध में मौलिकता, अनुशासन और सामाजिक सरोकार को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए।

---

## सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों ने योजनाओं की जानकारी ली

**रोहतक।** जिला एमएसएमई केंद्र द्वारा वॉलमार्ट वृद्धि के सहयोग से आईएमटी स्थित एमएसएमई तकनीकी केंद्र में राज्य सरकार की विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं एवं ई-कॉमर्स अवसरों के संबंध में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों ने भाग लिया तथा योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में सहायक निदेशक अशोक कुमार ने हरियाणा सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इंडस्ट्रियल एक्सटेंशन अधिकारी राहुल ने उपस्थित उद्यमियों से कहा कि वर्तमान में अधिकांश एमएसएमई इकाइयां अपने उत्पाद केवल स्थानीय बाजारों तक ही सीमित रखती हैं, जिससे उनके व्यवसाय की संभावनाएं सीमित रह जाती हैं। कार्यक्रम में जिला के प्रमुख उद्यमियों राजेन्द्र बंसल, एसके खटौड़, जोगिंदर नांदल, कुलदीप, मीनू, भूदेव एवं पंकज भी उपस्थित रहे।

---

## अखिल भारतीय गोशाला पहरावर में वार्षिक उत्सव का शुभारंभ



**रोहतक।** अखिल भारतीय गौशाला पहरावर में वार्षिक उत्सव का शुभारंभ भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांग का उद्घाटन करते हुए विनोद शर्मा पिलाना, रमेश कुमार शर्मा पहरावर और सूरजभान भारद्वाज बहादुरगढ़ सहित अनेक दानदाताओं ने गौसेवा के लिए उदार सहयोग दिया। गौशाला कर्मचारियों और बसाना गांव के लोगों ने भी नकद राशि, तूड़ा और गेहूं दान कर सराहनीय योगदान दिया। गौशाला के प्रधान नरेश शर्मा ने बताया कि पहले दिन कुल 9,65,946 रुपये का दान प्राप्त हुआ, जबकि 4 फरवरी से 12 फरवरी तक कुल 1,23,84,656 रुपये का सहयोग मिल चुका है। यह सांस्कृतिक उत्सव 15 फरवरी तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में कलाकार विष्णुदत्त द्वारा 'कीचक वध' सांग की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कई सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे, जिससे आयोजन का माहौल भक्तिमय और प्रेरणादायी बना रहा।

---

## पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में रंगोत्सव कार्यक्रम

# फोक डांस में अनुष्का अव्वल और कोमल द्वितीय

### विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट एवं उचित इनाम देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि डॉ. अनिल कुमार खटकड़ प्राचार्य गवर्नमेंट कॉलेज वूमेन बाढ़डा व डॉ. मीनाक्षी सांगवान प्राचार्य गवर्नमेंट कॉलेज वूमेन गोहाना को सम्मानित करते प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह सांगवान व अन्य।

पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को रंगोत्सव कार्यक्रम मनाया गया । रंगोत्सव कार्यक्रम में गीत,गजल, भजन, कव्वाली, रागनी, हिंदी कविता , अंग्रेजी कविता,भाषण आदि में विभिन्न प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम में उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया । इस दौरान दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। फोक डांस में अनुष्का प्रथम ,कोमल द्वितीय एवं विजय तृतीय स्थान पर रहे।

बतौर मुख्य अतिथि डॉ. मीनाक्षी सांगवान प्राचार्य गवर्नमेंट कॉलेज वूमेन गोहाना एवं गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. अनिल कुमार खटकड़ प्राचार्य गवर्नमेंट कॉलेज वूमेन बाढ़डा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह सांगवान ने मुख्य अतिथि एवं गेस्ट ऑफ ऑनर क का परिचय दिया व विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेने का संदेश दिया। डॉक्टर मीनाक्षी सांगवान ने कहा कि मैंने इसी महाविद्यालय में काफी सालों तक शिक्षण कार्य किया है तथा आज मैं यहां मुख्य अतिथि के रूप में आकर अत्यंत प्रसन्नता अनुभव कर रही हूं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक गतिविधियों का होना बहुत जरूरी है। अंत में सभी प्रतियोगिताओं के विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट एवं उचित इनाम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. प्रवीण गोयल, डॉ. शैली और डॉ. प्रियंका ने निभाई। मंच का संचालन डॉ. संदीप शर्मा व डॉ. नेहा ने किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर संयोजक डॉ. दिनेश सिंह ने सभी का धन्यवाद किया।

### मेहंदी प्रतियोगिता में स्वीटी ने मारी बाजी

मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही स्वीटी, द्वितीय स्थान पर शिखा एवं तृतीय स्थान पर दीपिका रही। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम निशा, द्वितीय हिमांशी, तृतीय भावना। कविता प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम, स्वेता द्वितीय एवं पुलकित्ता तृतीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में प्रियांशी प्रथम ,गौरव द्वितीय एवं अरुण तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप सॉन्ग में प्रथम शुभ, द्वितीय अंजलि, एवं आशीष तृतीय स्थान पर रहे । फॉक सॉन्ग में प्रथम स्थान पर समीर, द्वितीय स्थान पर सुभाष एवं तृतीय स्थान पर हितेश रहे। ग्रुप डांस में प्रथम खुशी, द्वितीय श्रृंखला एवं तृतीय सलोनी रही।

## खबर संक्षेप



### छात्रों को कानूनी अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**रोहतक।** एमडीयू के विधि विभाग में शुक्रवार को पुलिस हिरासत में कानूनी सुरक्षा उपाय और मानवाधिकार विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कानून के विद्यार्थियों को संवैधानिक और वैधानिक अधिकारों की जानकारी देना रहा। मुख्य वक्ता विनीत जाखड़ अधिवक्ता ने कहा कि पुलिस हिरासत में प्रत्येक व्यक्ति को संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार प्राप्त हैं।



### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से छात्रों का विकासः हुड्डा

**रोहतक।** सर छोटूराम राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय सांपला में कल्चर फेस्ट के अंतर्गत 'नवरंग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. संतोष हुड्डा ने की। डॉ. हुड्डा ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## हरियाणा के विवेक और आयुष ने चार-चार विकेट झटके

# सीके नायडू ट्रॉफीः राजस्थान की टीम पहली पारी में 215 रन पर सिमटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

चौधरी बंसीलाल स्टेडियम लाहली में हरियाणा व राजस्थान के बीच खेले जा रहे सीके नायडू ट्रॉफी के मैच का वीरवार को पहला दिन रहा। पहले दिन राजस्थान की 215 रन पर ऑलआउट हो गई। राजस्थान की ओर से कर्ण ने 64 रन बनाए। हरियाणा की ओर से आयुष शर्मा व विवेक कुमार ने चार-चार विकेट लिए। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान टीम की शुरूआत अच्छी नहीं व पांच रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवा दिया। 10 पर दूसरा व 35 पर तीसरा विकेट गिरने के बाद टीम संकट में आ गई। उसके बाद भी निरंतर विकेट गिरते रहे और पूरी टीम 215 रन पर ऑलआउट हो गई। राजस्थान की ओर से कर्ण ने सबसे ज्यादा 64 रन बनाए। इसके अलावा दर्शन ने 36 व रोहन ने 37 रन बनाए। हरियाणा की ओर से विवेक व आयुष ने कसी हुई गेंदबाजी की। विवेक ने 15.2 ओवर में 6 मेडन व 26 रन देकर चार विकेट लिए। वहीं, आयुष ने 26 ओवर में पांच मेडन व 82 रन देकर चार विकेट लिए। इसके अलावा यश सिंह ने दो विकेट लिए। हरियाणा की पहली पारी में शुरूआत बिल्कुल अच्छी नहीं रही। हरियाणा ने पहली ही गेंद पर अर्श रंगा का विकेट गंवा दिया। पहले दिन का खेल खत्म होने पर हरियाणा ने एक विकेट के नुकसान पर 9 रन बना लिए थे। हरियाणा की ओर से रोहन देशवाल एक और आयुष शर्मा चार रन बनाकर क्रिज पर डटे हुए हैं। राजस्थान की ओर से दीपेंद्र सिंह ने एक विकेट लिया।

**राजस्थान की ओर से कर्ण ने 64 रन,दर्शन ने 36 व रोहन ने 37 रन बनाए**



गेंदबाजी करता विवेक कुमार।

## पठानिया क्रिकेट लीग में 9 टीमें बनी विजेता

**रोहतक।** पठानिया वर्ल्ड कैम्पस के प्रांगण में 'पीपीएल'-11 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 13 फरवरी तक किया गया, जिसमें कक्षा तीन से कक्षा नौवीं की 36 टीमों के 460 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का संचालन मनदीप बुधवार द्वारा किया। प्रतियोगिता में एम्पायर की भूमिका मोहन लाल, इज्हार, सुमित राणा व सुरेष पन्नू व मोनिका राजपूत द्वारा निभाई गई व कमेंटरी का कार्यभार मनदीप बुधवार व विभु श्रीवास्तव द्वारा निभाया गया। ऑन लाइन स्कोरिंग का उत्तनरदायित्व कमल शर्मा ने बहुत ही शानदार तरीके से निभाया। स्कोरर की भूमिका अनिल दहिया व विक्की ने बखूबी निभाई। प्रतियोगिता का शुभारम्भ स्कूल को-फाउण्डर वर्षा पठानिया द्वारा पहले मैच में टॉस करवाकर किया गया।




### विजेता हुए सम्मानित

लीग समाप्ति के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर सनफलैग हॉस्पीटल से डॉ. संदीप भुक्कर ने बच्चों को ट्राफी देकर सम्मानित किया और उनकी हौसला कर भविष्य में इसी प्रकार आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर स्कूल को-फाउण्डर वर्षा पठानिया, स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उपप्रधानाचार्या प्रीति ढांड़ा और सुनीता मोर, मुख्याध्यापिका सुमन राठी, कोर्डिनेटर अनु सहरावत एवं रजनी गुलाटी ने विजेता टीमों को बधाई दी।

### कक्षा 3 से 9 तक के परिणाम

- कक्षा 3 से लोट्स लायंस ने डेजी डायनामाइट्स को मात्र 4 रन से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया।
- कक्षा 4 से रोज राइडर्स ने लोट्स लायन्स को 7 रन से हराकर विजय प्राप्त की।
- कक्षा 5 से डेजी डायनामाइट्स ने लीली लिडर्स को 5 विकेट से पछाड़ा।
- कक्षा 6 से डेल्टा डायनामाइट्स ने फलेमिंगो फालटर्स को 46 रन से षिकस्त दी।
- कक्षा 7 से फलेमिंगो फाइटर्स ने इको इग्लस को 13 रनों से मात दी।
- कक्षा 8 में इको इग्लस ने ब्रेवो ब्लास्टर्स को बहुत ही नजदीकी मुकाबले में मात्र 3 से हराकर ट्राफी कब्जाई।
- कक्षा 9 से फलेमिंगो फाइर्स ने चार्ली चैम्पियन्स को 17 रन से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया।
- ब्रेवो ब्लास्टर की तरफ से धनवीन को बैस्ट बल्लेबाज (21 बॉल 82 रन), इको इगल्स से लक्ष्य को बैस्ट ऑल राउण्डर एवं प्रांजल को बैस्ट गेंदबाज के खिताब से नवाजा गया।



**महम।** खेलों का शुभारंभ करने पहुंचे स्कूल चेयरमैन धर्मेंद्र धत्तरवाल का स्वागत करती छात्राएं व शिक्षिकाएं। *फोटोः हरिभूमि*

## बीपीएस स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों ने वार्षिक खेल उत्सव में दिखाया दमखम

**महम।** बाबा उद्धलदेव पब्लिक स्कूल सिंघवा खास में वार्षिक खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन खेलों में बास, बड़ाला, सीसर, खरबला, भाटोल, खरकड़ा, सिंघवा, मदनहेड़ी समेत आस पास के गांवों की बचपन शाखाओं के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान रस्सा कसी, 50 मीटर दौड़, थ्री लैग रेस व बैलून रेस समेत कई खेल करवाए गए। वार्षिक खेलों का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन धर्मेंद्र धत्तरवाल और एमडी मीनाक्षी धत्तरवाल ने किया। प्रिंसिपल सुमन सिवाच ने बताया कि विजेता विद्यार्थियों को प्रसंशा पत्र देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों ने अपने अपने वर्ग के खेलों में खूब जोर लगाया। सुमन सिवाच ने कहा कि खेलों में भाग लेने से बच्चों में निर्णय लेने की क्षमता पैदा होती है। सहयोग की भावना का विकास होता है। बच्चे शारीरिक रूप से बलिष्ठ बनते हैं और मानसिक रूप से भी मजबूत होते हैं।

## उत्तर क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय हैंडबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए रवाना हुई एमडीयू की टीम



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की हैंडबॉल (पुरुष) टीम 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाली नॉर्थ जोन इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी हैंडबॉल टूर्नामेंट में भाग लेगी। यह टूर्नामेंट इस वर्ष पंजाबी यूनिवर्सिटी,पटियाला (पंजाब) में आयोजित किया जाएगा। टीम की रवानगी से पहले एमडीयू खेल निदेशालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहाँ निदेशक खेल डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डॉ. जयपाल, डॉ. मस्तराम सहित कई वरिष्ठ खेल अधिकारी और टीम के सदस्य उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों को मेहनत कर जीवन में आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



सैनी पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं के लिए उत्साह और भावनाओं से भरी विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य नमिता सैनी द्वारा स्टाफ और विद्यार्थियों के साथ मां सरस्वती की पूजा एवं वंदना से हुई। मुख्य अतिथि अवनीश कुमार सैनी ने विद्यार्थियों को सही दिशा में मेहनत कर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, जबकि पूर्व प्रधान धर्म सिंह दहिया ने शिक्षा के महत्व और भविष्य की मजबूत नींव रखने पर जोर दिया। विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत और अन्य रंगारंग कार्यक्रमों से समारोह में उत्साह भर दिया। मिस्टर और मिस फेयरवेल का खिताब दीपक और इशिता को मिला, जबकि कीर्ति, राखी और गौरव को टैलेंटेड श्रेणी में तथा गरिमा और कृष को बेस्ट पर्सनालिटी चुना गया। अध्यापिकाओं ने भी हरियाणवी गीतों पर विद्यार्थियों के साथ नृत्य कर माहौल खुशनुमा बना दिया। समारोह के अंत में विद्यार्थियों ने शिक्षकों और स्टाफ का आभार व्यक्त किया, जिससे माहौल भावुक हो उठा।

प्राचार्य ने बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए अनुशासन, परिश्रम और सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



## जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में बाहरवीं के छात्रों को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सत्र 2025–26 के कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में भव्य एवं भावनात्मक विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत से हुआ, जिसके बाद कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों का स्वागत किया। समारोह में विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, कविता पाठ और मनोरंजक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। निदेशक विक्रांत मायना और सान्या मायना ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सहायक निदेशक हिमांशु गुप्ता ने भी विद्यार्थियों कोअनुशासन बनाए रखने की प्रेरणा दी। समारोह का विशेष आकर्षण केक कटिंग सेरेमनी और टाइटल अवाड्र्स रहे, जिनमें लक्ष्य राणा को तथा वंशिका को चुना गया।

# बंदा बहादुर स्कूल में विदाई समारोह

- भव्या ने कविता के माध्यम से यादगार पलों को किया साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष राजेंद्र नागपाल (निर्मल) द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद प्रधानाचार्या निर्मल पोपली ने मंच पर उपस्थित प्रबंध समिति के सदस्यों का स्वागत किया। समारोह में विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कक्षा 12वीं की छात्रा भव्या ने कविता के माध्यम से विद्यालय की यादगार पलों को साझा कर वातावरण को भावुक बना दिया। अध्यक्ष राजेंद्र नागपाल ने विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया, वहीं प्रधानाचार्या निर्मल पोपली ने अनुशासन और परिश्रम को सफलता की कुंजी बताया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के सदस्य अशोक ठकराल, मदन लाल गुलाटी, प्रीतम भयाना, सुदर्शन पाहवा, नरेंद्र मक्कड़ और एन.के. गिरोत्रा भी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान कॉमर्स, आर्ट्स और साइंस संकाय के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को "शाइनिंग स्टार" बैज से सम्मानित किया गया। अंत में विद्यार्थियों ने शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय का नाम रोशन करने का संकल्प लिया।



**रोहतक।** विजेताओं को बधाई देते प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा।

### विज्ञान प्रदर्शनी में राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने हासिल किया तीसरा स्थान

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय की वनस्पति विभाग की छात्राओं जानवी और आरती ने प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा के कुशल नेतृत्व तथा वनस्पति विभाग के शिक्षकों के मार्गदर्शन में पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेकर तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। छात्राओं ने पौधे हरित संरक्षक के रूप में एक्यूआई प्रबंधन के लिए स्थायी समाधान विषय पर एक कार्यात्मक मॉडल प्रस्तुत किया, जिसमें वायु गुणवत्ता सूचकांक के प्रबंधन में पौधों की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रदर्शित किया गया।

**MANSAROVER HOSPITAL**
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
**REQUIRES**

| | |
|---|---|
| BAMS | 2 |
| RMO | 2 |
| PRO | 2 |
| NURSING STAFF | 4 |
| ACCOUNTANT | 1 |
| COMPUTER OPERATOR | 2 |
| RECEPTION | 2 |
| WARD BOY | 4 |
| SWEEPER | 2 |


# विद्यार्थियों ने तैयार किए मानचित्र

- जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में छात्रों के प्रोत्साहन के लिए सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में आयोजित गणित वीक के उत्कृष्ट प्रस्तुति कर्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कक्षा पहली से नौवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सुडोकू, क्रॉसवर्ड, मैथ्स क्विज़, रिले रेस, ग्रिड एक्टिविटी और फनशीट जैसी तार्किक गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने ज्यामितीय आकृतियों से कक्षा व लैब के मानचित्र तैयार किए और नंबर लाइन गतिविधि से गणित को रोचक बनाया। पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, प्रसिद्ध गणितज्ञों पर कोलाज तथा एप्लाइड मैथ्स प्रस्तुतियों ने रचनात्मकता को नई दिशा दी। रुबिक क्यूब, 2डी–3डी आकृतियों की पहचान और वैदिक गणित पर इंटरएक्टिव सत्रों ने समस्या समाधान कौशल बढ़ाया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया।




### तार्किक सोच व निर्णय क्षमता का बताया आधार

प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने गणित को तार्किक सोच और निर्णय क्षमता का आधार बताते हुए विद्यार्थियों व शिक्षकों की सराहना की। विद्यालय डायरेक्टर सुरेंद्र मलिक ने गतिविधि-आधारित शिक्षा को सीखने का प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम में उपप्राचार्य व शिक्षकों की उपस्थिति में सम्मान समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## यूनिक स्पोर्ट्स क्लब इलेवन ने फाइनल में किया प्रवेश

**रोहतक।** 22 याड्र्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए गोयल विंटर ओडीआई क्रिकेट कप के सेमीफाइनल मुकाबले में शुक्रवार को यूनिक स्पोर्ट्स क्लब इलेवन ने सीनियर ग्रीनफील्ड क्रिकेट टीम को 105 रन से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर सीनियर ग्रीनफील्ड क्रिकेट टीम ने पहले गेंदबाज़ी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए यूनिक स्पोर्ट्स क्लब इलेवन की टीम ने 40 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 234 रन बनाए। यूनिक टीम की ओर से अपूर्व सैनी ने 52 रन व सन्नी 51 रन बनाए। ग्रीनफील्ड की ओर से यश व नामित ने तीन-तीन विकेट लिए। 234 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीनियर ग्रीनफील्ड क्रिकेट टीम की 33.4 ओवरों में 129 रन पर ऑलआउट हो गई। यूनिक स्पोर्ट्स क्लब इलेवन की ओर से अपूर्व सैनी ने 3 विकेट लिए।




## उपकार स्कूलः महाशिवरात्रि पर्व पर छात्रों को नैतिक मूल्यों की दी प्रेरणा

**रोहतक।** उपकार हाई स्कूल में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भगवान शिव के जीवन, उनके आदर्शों और धर्म के महत्व को समझने का मौका प्राप्त किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मुख्य अतिथि डॉ. निर्मला कायत और सेवानिवृत कुलपति प्रो. विजय कायत के प्रेरक संबोधन रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को सत्य, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के पालन की प्रेरणा दी और जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने धार्मिक भजन, शिव स्तुति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उत्सव को और भी भव्य बनाया। इस आयोजन की सफलता के लिए प्रबंध निदेशक वैभव कायत का विशेष आभार व्यक्त किया गया। इस प्रकार उपकार हाई स्कूल ने धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहित करते हुए विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों की भावना को मजबूत किया।

## एनजेएकॉन–2026 में आधुनिक तकनीक, शोध और प्रशिक्षण का संगम

# रोहतक 11 वर्ष बाद बना ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

11 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद रोहतक में 44वें नॉर्थ जोन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन सम्मेलन (एनजेएकॉन–2026) का भव्य आयोजन शुरू हो गया है। तीन दिवसीय यह सम्मेलन पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के सुश्रुत ऑडिटोरियम में हड्डी रोग विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का शुभारंभ पहले दिन छह विशेष वर्कशॉप के साथ हुआ, जो दो अलग-अलग स्थलों पर आयोजित की गईं। पीजीआई रोहतक के हड्डी रोग विभागाध्यक्ष डॉ. रूपसिंह ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि एनजेएकॉन–2026 का विषय "एक्सप्रेस, एजुकेट, एवॉल्व" रखा गया है। इसका मुख्य उद्देश्य ऑर्थोपेडिक क्षेत्र में हो रहे नवीनतम अनुसंधान, तकनीकों और सर्जरी से जुड़े अनुभवों को साझा करना है, ताकि मरीजों को बेहतर और आधुनिक उपचार मिल सके। डॉ. रूप सिंह ने बताया कि सम्मेलन के पहले दिन कैडेवरिक और सॉ-बोन वर्कशॉप आयोजित की गईं, जिनमें विशेषज्ञों ने एडवांस्ड नी आर्थ्रोस्कोपी, रिवीजन नी आर्थ्रोप्लास्टी, पेल्वी-एसिटेबुलर ट्रॉमा, हाई टिबियल ओस्टियोटॉमी और स्पाइन फिक्सेशन जैसे जटिल विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते हड्डी रोग विभागाध्यक्ष डॉ. रूप सिंह, डॉ. आशीष देवगन व डॉ. उमेश यादव। *फोटोः हरिभूमि*

### 500 से अधिक विशेषज्ञ और विद्यार्थी शामिल

हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष देवगन ने बताया कि सम्मेलन में ऑर्थोपेडिक सर्जरी से जुड़े नवीनतम उपकरणों और तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। विशेष रूप से स्पाइनल सर्जरी और नी आर्थोप्लास्टी पर केंद्रित सत्रों ने प्रतिभागियों का ध्यान आकर्षित किया। इस सम्मेलन में देश-विदेश से करीब 500 ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ और चिकित्सा विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। सुश्रुत ऑडिटोरियम में आयोजित वैज्ञानिक कार्यक्रम के दौरान विभिन्न हॉल्स में समानांतर वर्कशॉप्स चलाई गईं। सम्मेलन 13 से 15 फरवरी तक चलेगा।

### रिवीजन आर्थोप्लास्टी पर गहन चर्चा

हड्डी रोग विभाग के प्रोफेसर डॉ. उमेश यादव ने बताया कि कार्यशाला का उद्घाटन डॉ. रूप सिंह ने स्वागत भाषण के साथ किया। इसके बाद विभिन्न सत्रों में रिवीजन आर्थोप्लास्टी से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे विफलता के कारण, रेडियोलॉजिकल मूल्यांकन और हड्डी के नुकसान के प्रबंधन पर चर्चा की गई।

## श्री लालनाथ हिंदू महाविद्यालय में पर्सनैलिटी डेवलपमेंट पर कार्यशाला



**रोहतक।** श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में स्टूडेंट काउंसिल सेल द्वारा प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता में "पर्सनैलिटी डेवलपमेंट एवं एम्प्लॉयबिलिटी" विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. अजय कुमार पांडे (एमिटी विश्वविद्यालय) रहे, जबकि मंच संचालन रिया ने किया। सभी संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों को एआई टूल्स जैसे चैट जीपीटी और जैमिनी का संतुलित उपयोग करने की सलाह देते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े क्षेत्रों की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. अनिल तनेजा ने व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को आत्म-विकास के लिए प्रेरित किया। चंदना जैन ने तकनीकी युग में एआई टूल्स के विवेकपूर्ण उपयोग पर जोर दिया। इस अवसर पर दीपक कौशिक, डॉ. रश्मि छाबड़ा, डॉ. राजेश गहलावत, डॉ. शालू, डॉ. दीप्ती शर्मा, डॉ. नीतू, डॉ. सीमा गोसाईं मौजूद रही।

## खबर संक्षेप

### फॉर्म हाउस में चोरी के दो आरोपियों को पकड़ा

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने सुन्दरपुर आउटर बाईपास के पास स्थित फॉर्म हाउस में हुई चोरी की वारदात को सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले की गहनता से जांच जारी है। प्रभारी थाना सदर, निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि गांव सेक्टर-2 निवासी प्रशांत की शिकायत पर 20 नवंबर 2025 को केस दर्ज किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि प्रशांत का फॉर्म हाउस सुंदरपुर आउटर बाईपास के पास स्थित है। 20 नवंबर 2025 को फॉर्म हाउस पर जाने पर प्रशांत ने मेन गेट का ताला टूटा पाया और ऑफिस के अंदर से 2 विंडो एसी, 1 इन्वर्टर बैटरी, 1 कुलर और अन्य सामान चोरी पाए गए।

### यूनियन बजट सिस्टम विषय पर व्याख्यान दिया

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में एनएसएस शिविर का शुक्रवार को पाँचवा दिन रहा। पाँचवें दिन विभिन्न शैक्षणिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्रातःकालीन योग सत्र से हुआ। स्वयंसेवकों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। योग के माध्यम से उन्हें शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक एकाग्रता और अनुशासन के महत्व से अवगत कराया गया। योग ने स्वयंसेवकों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. सीमा शर्मा ने यूनियन बजट सिस्टम एवं टैक्सेशन सिस्टम विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

### स्वयंसेविकाओं को डिजिटल सुरक्षा की दी जानकारी

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, रोहतक की एनएसएस इकाइयों द्वारा मायना गाँव में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का छठा दिन उत्साह और ज्ञान के नाम रहा। दिन की शुरुआत विवेकानंद केंद्र की टीम के साथ हुई, जहाँ ईश्वर के मार्गदर्शन में स्वयंसेविकाओं ने हाथी घोड़ा पालकी और राम राजा जैसे प्रेरणादायक खेलों के माध्यम से टीम भावना और एकता का पाठ सीखा। बौद्धिक सत्र में हरियाणा पुलिस साइबर सेल के एएसआई कुलदीप ने डिजिटल सुरक्षा पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

# कटी पेंशन जुड़वाना चुनौती, एक ब्लॉक में एक कर्मी कैसे करेगा वेरिफिकेशन

**प्रशासन के पास पहुंच रही हैं रोज 150-200 शिकायतें**

**शिकायतकर्ताओं का विकास भवन में लग रहा जमावड़ा**

**जिले में 1.50 लाख लोग इस समय पेंशन ले रहे**

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

प्रदेश में जिस व्यक्ति की आयु 60 वर्ष है और वह व्यक्ति हरियाणा का रहने वाला है,उसको सरकार वृद्धावस्था पेंशन के रूप में 3 हजार रुपये प्रति महीने प्रदान करती है। ये राशि तब मिलती है, जब पति-पत्नी की संयुक्त इन्कम 3 लाख रुपये वार्षिक हो। अगर आय का आंकड़ा तीन लाख रुपये को पार कर जाता है तो फिर सरकार पेंशन पर कैंची चला देती है। बीते एक महीने से प्रदेश में बुढापा पेंशन को लेकर काफी बवाल मचा हुआ है। वजह है कि सरकार ने उन लोगों की पेंशन



बंद कर दी, जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से अधिक है। जिले में इस समय प्रतिदिन 150-200 शिकायत अधिकारियों के पास पेंशन बंद होने को लेकर पहुंच रही हैं। पेंशन दोबारा से तब प्रारंभ होती है, जब व्यक्ति अपनी फेमिली आईडी में दर्ज आय को लेकर तीन लाख रुपये तक साबित करता है। ये प्रमाणित तब होता है,जब फिजिकल वेरीफिकेशन होगी। जिले में इस समय 314474 फेमिली आईडी हैं। मालूम हो कि जिले में करीब 1.50 लाख व्यक्ति इस समय विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन ले रहे हैं। इनमें 85 हजार लोग वृद्धा सम्मान पेंशन, विधवा 35 हजार, लाडली 10 हजार,विधवा के बच्चों की 8-9 हजार समेत दूसरी पेंशन शामिल हैं।

### आय बढ़ने के ये कारण

परिवार के नाम 400 वर्गगज या उससे अधिक का प्लॉट, चार पहिया वाहन,फसल बिक्री का लेनदेन,लगातार छह महीने तक सरकारी राशन नही लेने पर सरकार परिवार की आय तीन लाख रुपये से अधिक दर्ज कर देती है। ये सब पोर्टल से किया जाता है। पोर्टल परिवार की आय के स्त्रोतों पर निगरानी रखता है। पोर्टल आय का सत्यापन बिजली बिल, आईटीआर, प्रॉपर्टी रिकॉर्ड और एम्प्लॉयमेंट डेटा से करता है। उदाहरण के तौर पर परिवार ने फसल बेची और उसके खाते जमा पैसा तीन लाख रुपये से ज्यादा होते ही पेंशन बंद कर दी जाती। चिरायु आयुष्मान भारत,वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन,विवाह शगुन योजना,राशन कार्ड ,विधवा पेंशन,मातृत्व लाभ योजना,मेरी फसल मेरा ब्यौरा,आपकी बेटी हमारी बेटी,लाडली सामाजिक सुरक्षा भत्ता और सक्षम युवा योजना पोर्टल से जुड़ी हुई है। इनसे भी परिवार को इन्कम होती है।

### ऐसे ठीक होती है इन्कम

फेमिली आईडी (परिवार पहचान पत्र)में अगर आपने अपनी इन्कम की त्रुटि दुरूस्त करानी है तो इसकी अप्लीकेशन जिला विकास भवन अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में देनी होती है। कार्यालय आपकी वैरीफिकेशन आपके घर जाकर करवाएगा। यानी के अप्लीकेशन में जो दावे कम इन्कम होने के किए हैं, उनका सत्यापन होगा। परिवार के मुखिया का फोटो घर के बाहर खड़ा करके उसे पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इसके बाद चंडीगढ़ से अधिकारी ये तय करेंगे कि परिवार की आय कितनी है। यानी के सब कुछ सरकार अपने स्तर पर ही करेगी। जिला स्तर के अधिकारियों का केवल एक ही रोल है कि वह परिवार की फिजिकल जानकारी पोर्टल पर अपलोड करें। बाकि काम सरकार का होगा। वैरिफिकेशन के लिए सरकार ने एक ब्लॉक पर एक कर्मचारी तैनात किया है। जिले में रोहतक, सांपला, लाखनमाजरा, कलानौर और महम खंड हैं। सांपला, कलानौर और महम में नगरपालिका भी हैं। ब्लॉक के कर्मचारी को ही नगरपालिका क्षेत्र की भी वैरिफिकेशन का जिम्मा सरकार ने दिया है। ऐसे में अब ये सवाल खड़ा हो चुका है कि एक कर्मचारी कैसे फिजिकल वैरिफिकेशन करेगा।

- जिले में हैं 314474 फैमिली आईडी
- पेंशन के लिए पति-पत्नी की संयुक्त वार्षिक आय 3 लाख से कम हो
- आय का सत्यापन फिजिकल वेरीफिकेशन के बाद ही मान्य है।

### जल्द मिलेगी बढ़ी हुई पेंशन

मुख्यमंत्री ने गत 21 अक्टूबर को बुढ़ापा पेंशन तीन हजार रुपये से बढ़ाकर 3200 रुपये मासिक करने की घोषणा की थी और यह एक नवंबर से दी जानी थी। लेकिन अभी तक मिली नहीं है। गत वीरवार को सरकार ने निर्णय लिया है कि अब अगले दो दिनों के भीतर सभी पात्र लोगों के खातों में नवंबर, दिसंबर और जनवरी की 200 रुपये मासिक की दर से बढ़ी हुई पेंशन 600-600 रुपये भेज दिए जाएंगे।

## सड़कें चमकी, लेकिन माल गोदाम रोड से बजरंग भवन फाटक तक कूड़ा ही कूड़ा

# ...मेरा नंबर कब आएगा ?

**अलग-अलग जगहों के लोग सड़कों की तरह सफाई के इंतजार में... बोले**

*शहर में स्वीपिंग कार्य के बाद मुख्य सड़कों की सूरत अब साफ-सुथरी और चकाचक नजर आने लगी है, लेकिन सवाल यह है कि क्या सफाई केवल सड़क के बीच तक ही सीमित रहेगी। माल गोदाम रोड, शांतमई चौक, अग्रसेन चौक से लगती गली, पुरानी आईटीआई क्षेत्र और रेलवे स्टेशन से बजरंग भवन फाटक तक सड़कों के किनारे कचरे से भरे पड़े हैं। जो लोगों की परेशानी का कारण बन रहे हैं। ऐसे में लोग कह रहे हैं कि इस कूड़े को उठाने का नंबर कब आएगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में हाल के दिनों में स्वीपिंग कार्य के बाद मुख्य सड़कों की सूरत काफी हद तक बदल गई है। कई इलाकों में सड़कें अब साफ-सुथरी और चकाचक नजर आने लगी हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या सफाई केवल सड़क के बीच तक ही सीमित रहेगी। माल गौदाम रोड, शांतमई चौक, अग्रसेन चौक से लगती गली, पुरानी आईटीआई क्षेत्र और रेलवे स्टेशन से बजरंग भवन फाटक तक सड़क किनारों पर पड़ा कचरा अब भी लोगों की परेशानी का कारण बना हुआ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वीपिंग के बाद सड़कें तो साफ दिखती हैं, लेकिन दोनों ओर साइड में कूड़ा-कचरा जस का तस पड़ा हुआ है। कहीं प्लास्टिक और पॉलिथीन के ढेर हैं तो कहीं मिट्टी, पत्ते और घरेलू कचरा जमा है। खासकर माल गौदाम रोड और अग्रसेन चौक के आसपास की गलियों में हालात ज्यादा खराब हैं। यहां से रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं, लेकिन बदबू और गंदगी के कारण राहगीरों को नाक बंद कर चलना पड़ता है। पुरानी आईटीआई के आसपास सड़क किनारे लंबे समय से कचरा जमा है। इसी तरह रेलवे स्टेशन से बजरंग भवन फाटक तक का इलाका भी सफाई के इंतजार में है। यह क्षेत्र न केवल व्यस्त है, बल्कि यहां बाहर से आने-जाने वाले यात्रियों की भी आवाजाही रहती है। ऐसे में गंदगी शहर की छवि पर भी सवाल खड़े करती है। लोगों का कहना है कि जब शहर की सड़कों को चमकाया जा सकता है, तो इन इलाकों की सफाई क्यों नहीं।



माल गोदाम रोड पर कूड़ा।



रेलवे स्टेशन के पास पर कूड़ा ।

### लोगों में बढ़ती नाराजगी

स्थानीय निवासियों का कहना है कि अब उन्हें भी उसी तरह की सफाई की उम्मीद है, जैसी सड़कों पर दिखाई दे रही है। उनका सवाल है कि क्या इन इलाकों के हालात ऐसे ही बने रहेंगे या फिर यहां भी नियमित सफाई होगी। कई लोगों का कहना है कि कचरा उठान न होने से आवारा पशु भी यहां मंडराते रहते हैं, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है।

### इंतजार अब कार्रवाई का

अब जबकि स्वीपिंग कार्य से सड़कों की हालत सुधर चुकी है, इन इलाकों के लोग भी उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द ही माल गौदाम रोड, अग्रसेन चौक, पुरानी आईटीआई और रेलवे स्टेशन से बजरंग भवन फाटक तक जमा कचरा उठाया जाएगा। सवाल सिर्फ इतना है कब अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो यह गंदगी फिर से साफ सड़कों की मेहनत पर पानी फेर सकती है।

### शाम के समय लोगों को करतें है प्रेरित



समाजसेवी जसबीर कुमार शाम के समय पुरानी आईटीआई मैदान मे कचरा डालने आने वाले लोगों को समझाते है की वह यहां पर कचरा न डाले। ताकि आसपास गंदगी का माहौल न बन सकें। यहीं नही यहां आसपास ही तीन बैक्वेंट हाल भी बने हुए है। ज्यादातर लोग समझाने के बाद कूड़ा डालने नहीं आ रहे है। ऐसे में सब समझ गए तो हालात सुधरते देर नहीं लगेगी।

### वार्ड-20 में चला विशेष सफाई अभियान

**रोहतक।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम की ओर से वार्ड-20 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान वार्ड-20 के सदस्य परवीन कौशिक के सहयोग और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से आयोजित किया गया।



**रोहतक।** नगर निगम की सख्ती और जनभागीदारी से बदली सफाई की तस्वीर।

अभियान के तहत मुख्य झज्जर मार्ग पर व्यापक सफाई कराई गई, जहां सड़क किनारे जमा कचरा, प्लास्टिक, पॉलिथीन, मिट्टी और अन्य अपशिष्ट को हटाया गया, ताकि स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर के निर्माण के लिए केवल नगर निगम के प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि नागरिकों की सहभागिता भी उतनी ही जरूरी है। निगम की टीम ने डस्टबिन न रखने वाले चार दुकानदारों के 2000 रुपये के चालान भी किए। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी घर, दुकान या संस्थान से नियमित रूप से कूड़ा नहीं उठाया जा रहा हो, तो वे शिकायत नंबर 7303050200, 7303050800 पर दर्ज कराएं। वहीं, सफाई न होने की शिकायत 18001805007 या 8295900992 नंबर पर की जा सकती है, ताकि तुरंत समाधान किया जा सके।



## मोहनलाल बड़ौली मुरथल पहुंचे और सिद्धार्थ औलिया से शिष्टाचार भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली समर्थगुरुधाम, मुरथल पहुंचे और समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान सनातन धर्म के सशक्तिकरण तथा शिक्षण संस्थानों में मेडिटेशन कार्यक्रम चलाने को लेकर चर्चा हुई, जिससे विद्यार्थी तनावमुक्त रहकर शिक्षा ग्रहण कर सकें। बड़ौली ने आश्रम के हरे-भरे पर्यावरण एवं सुंदर आध्यात्मिक वातावरण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि समर्थगुरु धाम द्वारा साधकों में चेतना के बल पर जो विकास किया जा रहा है, वह अद्वितीय है।

साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भले ही ओशो शरीर रूप में उपस्थित न हों, पर उनकी चेतना समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया के रूप में मौजूद है। इस अवसर पर आचार्य दर्शन, आचार्य सोहम, एडमिनिस्ट्रेटर सुशील एवं सचिव मीराबाई सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नशीले पदार्थ के साथ तीन पकड़े

**रोहतक।** पुलिस की एएनसी स्टाफ टीम ने गश्त के दौरान अलग-अलग स्थानों से कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से कुल 1 किलो 256 ग्राम गांजा, 6.41 ग्राम हेरोइन तथा तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अलग-अलग अभियोग दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

**पहली कार्रवाई:** एएनसी स्टाफ प्रभारी पीएसआई मनोज ने जानकारी देते हुए बताया कि उप-निरीक्षक अनिल के नेतृत्व में एएनसी टीम एनएच-9 स्थित गांधरा मोड़ के पास गश्त पर मौजूद थी। सूचना के आधार पर युवक की ली तलाशी में 1 किलो 256 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी पर केस दर्ज कर किया काबू

**दूसरी कार्रवाई:** एएनसी स्टाफ ने रेलवे फ्लाईओवर, एनएच-9 के पास गश्त कर रही थी। नाकाबंदी के दौरान दो युवकों को संदेह के आधार पर रोका। पूछताछ में उनकी पहचान शिवम तथा महबूब के रूप में हुई। तलाशी में शिवम के पास से दो मोबाइल फोन तथा महबूब के कब्जे से 6.41 ग्राम हेरोइन व एक मोबाइल फोन बरामद किया।

**दोनों आरोपियों के खिलाफ जांच जारी:** पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों से बरामद मोबाइल फोन की जांच की जा रही है, ताकि नशा तस्करी से जुड़े अन्य संभावित नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। पुलिस का कहना है कि जिले में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पंचकूला में इनेलो का विरोध प्रदर्शन 20 को

**महम।** प्रदेश में बुजुर्गों की पेंशन काटने के विरोध में इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला 20 फरवरी को पंचकूला में विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस प्रदर्शन में महम के कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। इनेलो प्रवक्ता संदीप नेहरा ने कहा कि महम हलका में जिन बुजुर्गों की पैंशन काटी गई है उनसे मिलकर बातचीत की जाएगी और किसी भी बुजुर्ग की पैंशन नहीं कटने दी जाएगी। चौधरी देवीलाल ने बुजुर्गों के सम्मान के लिए पैंशन बनाई थी। आय को आधार बनाकर पैंशन काटना गलत है। आय के साथ खर्च को भी जोड़ा जाए। जबकि एमएलए व एमपी कई पैंशन ले रहे हैं। इस दौरान डॉ. जितेंद्र दांगी प्रदेश उपाध्यक्ष, विपिन बल्हारा युवा जिला उपाध्यक्ष, अमरजीत दांगी जिला महासचिव, एडवोकेट दीक्षांत सिवाच, मन्नू महाराज खरकड़ा, पवन, दीपक, जस्सू रांगी एवं सोनू आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

## पिछले साल जिले में छह बच्चियों की शादी रुकवाई

**रोहतक।** अभिभावकों की जर्जर मानसिकता बच्चियों के साथ घोर अन्याय कर रही है। अंग्रेजी शासनकाल में वर्ष 1929 में शारदा अधिनियम के तहत बाल विवाह को अपराध घोषित किया। लड़कियों की विवाह की उम्र 14 साल और लड़कों की 18 वर्ष कर दी गई। कानून 1 अप्रैल 1930 से लागू हुआ। ये प्रावधान हरबिलास शारदा के प्रयासों से बना, इसलिए इसे 'शारदा एक्ट' कहा जाता है। इसके बाद वर्ष 1978 में इसे और संशोधित किया गया। संशोधन के बाद शादी की न्यूनतम आयु लड़कियों के लिए 18 वर्ष और लड़कों के लिए 21 वर्ष कर दी गई। इसके बाद बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 बनाया गया। ये 1 नवंबर 2007 लागू कर दिया गया। इस कानून ने पुराने 1929 के शारदा अधिनियम को बदल दिया और बाल विवाह को पूरी तरह प्रतिबंधित करते हुए सजा का प्रावधान किया गया। लेकिन आज भी बाल विवाह की कुरीति से मुक्ति नहीं मिल पाई है। रोहतक जिले में सूचना मिलने के बाद साल 2025 में 6 बाल विवाह रुकवाए गए। लेकिन बहुत सी ऐसी भी शादियां हुई हैं, जिनकी कोई शिकायत ही नहीं की गई। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिन्दर कौर कहती हैं कि लोग पिछड़ी सोच से बाहर आएं। अपनी लड़कियों को बोझ न समझें। उनको शिक्षित करें, तभी बालविवाह जैसे मामलों पर रोक लग सकेगी।

### अधिकारी छात्रवृत्ति के लिए 28 तक पोर्टल पर छात्रों के पंजीकरण कराएं

**रोहतक।** मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव एवं सेवा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरूण गुप्ता ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पात्र विद्यार्थियों का 28 फरवरी तक पंजीकरण करवाएं। डीसी ने स्कॉलरशिप योजना के जिला के नोडल अधिकारी व नगराधीश अंकित कुमार तथा अन्य नोडल अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे निर्धारित तिथि तक ज्यादा से ज्यादा पात्र छात्रों का नेशनल स्कोलरशिप पोर्टल पर पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें।

## तनाव शब्द को डिक्शनरी से हटाएं पढ़ाई पर ध्यान दें छात्र : डॉ. अग्रवाल

- बढ़ती उम्र के साथ बढ़ जाती हैं जिम्मेदारियां, संतुलन बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के लेक्चर थियेटर पांच में शुक्रवार को डीन छात्र कल्याण डॉ. सविता सिंघल द्वारा आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से जीवन में संतुलन बनाने और तनाव को नियंत्रित करने के बारे में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित करवाया गया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के तौर पर कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेश सिंघल उपस्थित हुए। कुलपति डॉ.एच.के. अग्रवाल ने कहा



**रोहतक।** कार्यक्रम में मौजूद कुलपति, एकेडमिक अफेयर्स डॉ . एमजी वशिष्ठ, प्राचार्य डॉक्टर संजय तिवारी,डॉक्टर मंजूनाथ व विद्यार्थी।

कि बढ़ती उम्र के साथ जिम्मेदारियां भी बढती हैं तो ऐसे तनाव आना स्वाभाविक है, लेकिन विद्यार्थियों को युवा उम्र में इससे बचना चाहिए और सिर्फ पढ़ाई और स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। विद्यार्थियों को तनाव शब्द अपनी डिक्शनरी से ही हटा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल विद्यार्थी अपना अधिक समय सोशल मीडिया और मोबाइल पर व्यतीत कर रहे हैं, जो कि बहुत ही गलत है। उन्होंने विद्यार्थियों को यूट्यूब से होने वाली पढाई को त्याग कर अपनी पुस्तकों पर ध्यान देने की सलाह देते हुए कहा कि पुस्तकें पढकर ही हम अच्छे चिकित्सक बन सकते हैं।

मृत्यु अंत नहीं है



मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## विधानसभा समिति की बैठक में फैसला, 13.5 करोड़ का बजट मंजूर

# एमडीयू से पीजीआई तक 9 माह में बनेगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चंडीगढ़ स्थित सचिवालय में हुई महत्वपूर्ण बैठक में रोहतक शहर को बड़ी सौगात मिली। समिति के अध्यक्ष विधायक भारत भूषण बत्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के पिछले हिस्से से रेलवे लाइन के साथ होते हुए पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज व पीजीआईएमएस तक नई 2-लेन सड़क के निर्माण को मंजूरी प्रदान की गई। लंबे समय से विधायक बत्रा इस विषय को गंभीरता के साथ उठा रहे थे और कई दौर की बैठको के बाद अब यह मामला सिरे चढ़ा है।

चंडीगढ़ विधानसभा के कक्ष में भारत भूषण बत्रा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में एमडीयू के कुलपति, यूएचएसआर के कुलपति, पीजीआईएमएस निदेशक व दोनों विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रार सहित ,राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर), उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा एवं शोध विभाग, हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### इमरजेंसी मरीजों के लिए 'लाइफलाइन'

इस परियोजना को शहर की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए गेमचेंजर माना जा रहा है। वर्तमान में ट्रैफिक जाम के कारण एम्बुलेंस को पीजीआईएमएस पहुंचने में देरी होती है, जिससे गंभीर मरीजों के लिए 'गोल्डन ऑवर' प्रभावित होता है। नई सड़क बनने के बाद एमडीयू की पिछली ओर से सीधा संपर्क मार्ग उपलब्ध होगा, जिससे इमरजेंसी सेवाओं को निर्बाध आवागमन मिल सकेगा। सूत्रों के अनुसार समिति में इस विषय पर विस्तृत मौखिक परीक्षण किया गया और संबंधित विभागों से कार्ययोजना व समय सीमा पर स्पष्ट जवाब मांगा गया था।

### समय सीमा तय, आमजन को मिलेगी बड़ी राहत

- सूत्रों के अनुसार इस अति महत्वपूर्ण बैठक में अवगत कराया गया कि एसीएस (मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च) डॉ. सुमिता मिश्रा द्वारा 13.5 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।
- इतना ही नहीं इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की समय-सीमा इस प्रकार तय की गई है
- 3 माह में प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृतियां पूर्ण
- 6 माह में निर्माण कार्य पूरा

### इस निर्माणाधीन कार्य की तकनीकी विशेषताएं

- 7.5 मीटर चौड़ी दो-लेन सड़क
- दोनों ओर 1.5 मीटर के पक्के शोल्डर
- जल निकासी के लिए नया वाटर चैनल
- रेलवे लाइन के समानांतर सुरक्षित निर्माण



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि डॉ . जगबीर राठी व प्राचार्य सुदेश लाठर।

## एकल नृत्य में संजना, रागिनी में अंकुर ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**रोहतक।** राजकीय महाविद्यालय जसिया में सांस्कृतिक कार्यक्रम उल्लास-26 के दौरान विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। एकल नृत्य में संजना प्रथम, प्राची द्वितीय तथा अनु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रागिनी में अंकुर प्रथम तथा तनीषा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। युगल नृत्य में भतेरी और मोनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बतौर मुख्य अतिथि डॉ. जगबीर राठी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रीती व मंच संचालन डॉ. बसंत कुमार के द्वारा किया गया। प्राचार्य सुदेश लाठर ने छात्र -छात्राओं को प्रोत्साहित किया और अपने हुनर को दिखाने का इस कार्यक्रम को एक अच्छा मंच बताया। प्राचार्या ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।